स्व0 श्री जय दत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रानीखेत (अल्मोड़ा) उत्तराखण्ड

# मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना

## वार्षिक–आख्या 2023–24

भारत के हर राज्य की सरकारों द्वारा उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा भी मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा दिनांक 31.05.2023 को की गई।

उक्त योजना का शुभारंभ दिनांक 20.01.2024 को मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत 241 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करके किया गया। इन विद्यार्थियों में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के 09 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति प्राप्त की। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी ने मेधावियों के साथ ऑनलाइन संवाद किया तथा इसके बाद विद्यार्थियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से तत्काल धनराशि हस्तांतरित की गई।

उक्त छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रत्येक संकाय में, स्नातक स्तर पर प्रत्येक वर्ष प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः ₹3000, ₹2000 तथा ₹1500 प्रतिमाह की धनराशि प्रदान की जाती है। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रत्येक विभाग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को क्रमशः ₹5000, ₹3000 तथा ₹2000 की धनराशि प्रतिमाह प्रदान की जाती है। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में सत्र 2023–24 में स्नातक स्तर पर कला संकाय में 09, विज्ञान संकाय में 06 तथा वाणिज्य संकाय में 10 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति प्राप्त की। स्नातकोत्तर तृतीय सत्र में वाणिज्य विभाग के 03, भौतिक विज्ञान के 02, गणित विभाग के 01, रसायन विज्ञान विभाग के 03, जंतु विज्ञान विभाग के 03, वनस्पति विज्ञान विभाग के 03, इतिहास विभाग के 04, भूगोल विभाग के 03, अंग्रेजी विभाग के 01, संगीत विभाग के 01, समाजशास्त्र विभाग के 01, हिंदी विभाग के 01, अर्थशास्त्र विभाग के 03, राजनीति विज्ञान विभाग के 04

विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस प्रकार कुल 58 मेधावियों ने उक्त योजना का लाभ उठाया जिस हेतु राज्य सरकार द्वारा 18 लाख 42 हजार रूपए की धनराशि आवंटित की गई।

सत्र 2023–2024 में समिति में डॉ0 नमिता मिश्रा ने नोडल अधिकारी, डॉ0 हेमलता भट्ट सह संयोजक तथा डॉ0 कोमल गुप्ता, डॉ0 राहुल चन्द्रा एवं डॉ0 शीतल चौहान ने समिति में सदस्य के रूप में कार्य किया।